**ब्यूरो ऑफ रिसर्च एण्ड डवलपमेन्ट की जोनल कमेटी द्वारा सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी के चयन की प्रक्रिया में राजस्थान पुलिस अकादमी का निरीक्षण**

ब्यूरो ऑफ रिसर्च एण्ड डवलपमेन्ट, (BPR&D) नई दिल्ली की जोनल कमेटी द्वारा यूनियन होम मिनिस्टिर्स ट्रोफी टू द बेस्ट पुलिस टेनिग इन्स्टीटयूट प्रदान किये जाने के संबंध में दिनांक 16-17 मई 2017 को राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर का निरीक्षण किया गया।





उक्त टीम के सदस्यों के रूप में श्री प्रेमप्रकाश, महानिरीक्षक पुलिस, उत्तर प्रदेश एवं श्री के.जयरामन, महानिरीक्षक पुलिस, पश्चिम बंगाल दिनांक 16.05.2017 को पधारे, जिनका निदेशक महोदय, राजस्थान पुलिस अकादमी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा भावपूर्व स्वागत किया गया। अकादमी में पदस्थापित अधिकारियों से परिचय के उपरान्त राजस्थान पुलिस अकादमी के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण सहायक निदेशक, इण्डोर द्वारा दिया गया, जिसमें निदेशक महोदय एवं वरिष्ठ अधिकारिगण उपस्थित थे।

उक्त प्रस्तुतिकरण में मुख्य रूप से राजस्थान पुलिस अकादमी के संक्षिप्त इतिहास, विजन, मिशन और अकादमी में आयोजित मूलभूत प्रशिक्षण, पदोन्नति संवर्ग पाठ्यक्रम, विशिष्ठ कोर्सेज, संसाधनों एवं गत वर्ष की गतिविधियों, सेन्टर फॉर डवलपमेन्ट ऑफ पुलिस साईन्स एण्ड मैनेजमेन्ट, सेन्टर फॉर सोशल डिफेन्स एण्ड जेन्डर स्टडीज, मुख्यमंत्री बालिका आत्म रक्षा योजना, कल्याणकारी गतिविधियों, आयोजनों एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तृत से बताया गया।

टीम द्वारा राजस्थान पुलिस अकादमी की प्रशिक्षण क्षमता एवं प्रकार, यथा बेसिक पाठ्यक्रम, पदोन्नति संवर्ग पाठ्यक्रम, विशिष्ट कोर्सेज एवं संसाधनों की उपलब्धता एवं रखरखाव,

प्रशिक्षु- प्रशिक्षक अनुपात, अकादमी की गत वर्ष में उपलब्धियों एवं विशिष्ट राज्य एवं राष्ट्र स्तरीय आयोजन, कल्याणकारी प्रक्रमों एवं योजनाओं, मुख्यमंत्री बालिका आत्मरक्षा योजना, स्वच्छ आर.पी.ए., संसाधनों के समुचित उपयोग एवं पर्यावरणीय चेतना व प्रतिबद्धता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर अकादमी के प्रयासों एवं उपलब्धियों की सराहना की।

दिनांक 17.05.2017 को प्रात: आउटडोर गतिविधियों का निरीक्षण किया गया, जिसमें क्वाटर गार्ड का निरीक्षण, परेड ग्राउण्ड का निरीक्षण एवं महिला प्रशिक्षुओं द्वारा ड्रिल, यू.ए.सी. एवं Blind Folder weapons handling की ड्रिल का प्रशिक्षण Band School भ्रमण एवं प्रशिक्षु सी.आई.एस.एफ. एवं राजस्थान पुलिस बैण्ड का प्रदर्शन, अकादमी स्थित इण्डोर फायरिंग रेंज पर प्रशिक्षुओं द्वारा फायरिंग का प्रदर्शन, रिसाला का घुडसवारों द्वारा जम्पस् एवं ड्रेसाज का प्रदर्शन किया गया।

इसी अनुक्रम में टीम द्वारा शहीद स्मारक, वैपन सिम्युलेटर/ डी.पी. कोत एवं जनरल स्टोर का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात् अकादमी स्थित हॉस्पिटल, सेन्ट्रल पुलिस केन्टीन, माही हॉस्टल एवं अरावली हॉस्टल का निरीक्षण किया एवं केन्टीन व हॉस्टल्स में प्रयुक्त नवाचारों की सराहना की। टीम द्वारा अकादमी में नव निर्मित एम.टी. (मोटर ट्रेफिक) शाखा, कल्पतरू नर्सरी व ऑडिटोरियम का भ्रमण व अवलोकन किया गया और महिला कल्याण केन्द्र और उसके कल्याणकारी उपक्रमों यथा क्रेश, एकलव्य अध्ययन केन्द्र, बीसलपुर परियोजना की अकादमी स्थित यूनिट, स्विमिंग पूल, स्टेडियम एवं अन्य खेल सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया।

तत्पश्चात् साईबर लैब जिसमें आरपीए स्टाफ के परिवारों की महिलाओं के लिए चल रहे प्रशिक्षण कोर्स का अवलोकन किया। सेन्टर फॉर डवलपमेन्ट पुलिस साईन्स मैनेजमेन्ट, सेन्टर फॉर सोशल डिफेन्स एवं जेन्डर स्टडीज, राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारियों के प्रशिक्षण में उपयोग में लिये जाने वाले क्लास रूम एवं आई.पी.एस. क्लास रूम का निरीक्षण किया और आरपीएस क्लास रूम में ए.सी. लगवाने की आवश्यकता व्यक्त की जिसे आगामी कार्य एजेन्डा में शुमार किया गया।

इसी क्रम में टीम द्वारा कॉन्फ्रेन्स हॉल नं. 4 एवं उसमें संचालित पुलिस निरीक्षक रिफ्रेशर कोर्स का अवलोकन किया और निवर्तमान महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी द्वारा Audio visual aids की मदद से क्लास लिये जाने की सराहना की।

तत्पश्चात् सी.सी.टी.एन.एस. लैब नं. 1 व 2, कॉन्फ्रेन्स हॉल नं. 2, प्रशिक्षण शाखा, जनरल शाखा, संस्थापन शाखा एवं लेखाशाखा का निरीक्षण कर शाखा प्रभारियों एवं अन्य से शाखा के मुख्य कार्यों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी ली।

टीम द्वारा नव प्रयुक्त Assistant clerk diary System के नवाचार की और उसके परिणाम स्वरूप होने वाले त्वरित एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन की सराहना की। टीम द्वारा अकादमी के पुस्तकालय का गहन अवलोकन कर पुस्तकों की गुणवत्ता, विविधता एवं रख रखाव की सराहना की एवं पुस्तकालय के ग्रन्थालय से संबद्ध होने एवं प्रशिक्षण सामग्री के ई-फॉर्म में उपलब्ध होने पर संतोष व्यक्त किया और अंग्रेजी में उपलब्ध प्रशिक्षण फिल्मस् को स्थानीय भाषा (हिन्दी) में डब करने का सुझाव दिया जिसे आगामी कार्य एजेन्डा में शामिल किया गया।

टीम द्वारा परिसर की स्वच्छता, कक्षाओं में Audio visual aids के उपयोग अन्य सुविधाओं यथा मोक क्राईमसीन, केफेटेरिया, कल्याणकारी कार्यों, अकादमी परिवार की महिलाओं हेतु नि:शुल्क कैंसर जॉच कैम्प, अकादमी स्टाफ के हैल्थ कार्डस होना, अकादमी के हॉस्पिटल, Creche, एकलव्य अध्ययन योजना, आदि की सराहना की और अकादमी स्थिति Arms Museum का भी निरीक्षण किया गया।

**निरीक्षण के दौरान अकादमी की मुख्य उपलब्ध्यिों को भी वर्णित किया जो निम्नानुसार है:-**

1. दिनांक 24.11.2016 को राजस्थान पुलिस अकामदी को उत्तर भारत की श्रेष्ठ पुलिस अकादमी घोषित किया गया।

2. राजस्थान पुलिस का उप अधीक्षक पुलिस का सबसे बड़ा बैच 23.12.2016 को पास आउट हुआ।
3. 35वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता हैदराबाद में आयोजित की गई जिसमें राजस्थान पुलिस अकादमी को सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की टीमों में **प्रथम** स्थान प्राप्त हुआ तथा साथ ही राजस्थान पुलिस अकादमी को **बेस्ट राईडर** और **बेस्ट होर्स** पुरस्कार मिला।
4. नेशनल ओपन इक्वेस्टेरियन चैम्पियनशिप में श्री जितेन्द्र कुमार, कॉन्स्टेबल घुड़सवार ने सिल्वर और ब्रॉज मैडल प्राप्त किया।
5. 60वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2016 में श्री महेश कुमार, उप निरीक्षक आर.पी.ए. ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

6. बीसलपुर जलापूर्ति परियोजना का 21 जनवरी 2017 को माननीय गृहमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार द्वारा शुभारम्भ किया गया। जिसके उपरान्त आर.पी.ए. परिसर को 40 लाख लीटर पानी की सप्लाई प्रतिदिन हो रही है।
7. संस्था में एक नये परेड ग्राउण्ड का निर्माण करवाया गया।
8. एक जीर्ण-शीर्ण अवस्था में विद्यमान क्लास रूम को एयर कन्डीशन्ड, वुड पैनल्ड तथा ट्रेनिंग एड्स से सुसज्जित करवाकर 140 सीटर लेक्चर थियेटर का रूम दिया गया।
9. ओपन एयर थियेटर का जीर्णोंदार कराया गया।
10. संस्था में एक नये एम.टी. शाखा भवन का निर्माण कार्य पूरा हुआ।
11. साप्ताहिक ऑर्डरली रूम एवं मासिक सम्पर्क सभा का आयोजन किया जाता है।
12. असिस्टेन्ट क्लर्क डायरी व्यवस्था प्रारम्भ की गई ।
13. हैल्थ चैक अप हेतु एक कैम्प का आयोजन किया गया एवं समस्त स्टाफ के हैल्थ कार्ड बनाये गये।
14. अकादमी परिसर स्थिति परिवारों की महिलाओं की कैंसर की जॉच महावीर कैंसर हॉस्पिटल के सहयोग से करवाई जा रही है। फिक्की फ्लो के सहयोग से अकादमी द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं का चार माह का ब्यूटिशियन कोर्स भी कराया जा रहा है।
15. मुख्यमंत्री बालिका आत्मरक्षा योजना में अकादमी द्वारा अब तक कुल 687 मास्टर ट्रेनर्स को आत्मरक्षा तकनीकों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है जिन्होंने अब तक 02 लाख 10 हजार स्कूल व कॉलेज की बालिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया है और यह क्रम अनवरत जारी है।
16. अकादमी परिवारों के बालकों के एकाग्र अध्ययन के लिए एकलव्य अध्ययन केन्द्र खोला गया है।
17. प्रशिक्षणार्थियों के लिए नेत्रदान एवं अंगदान अभिप्रेरण शिविर लगवाया गया।
18. मोरिजा फायरिंग रेंज में पेड़ लगाये गये।
19. तीज, शहीद दिवस आदि विशेष पर्वों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी करवाया जाता है।

निरीक्षणोपरान्त अकादमी के अधिकारियों के साथ टीम के सम्मान में मनुसदन में मनभावन लंच रखा गया और सौहार्दपूर्ण, अनौपचारिक वातावरण में विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

निरीक्षण समाप्ति पर निदेशक महोदय, राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा टीम के दोनों अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। निरीक्षण सधन्यवाद सम्पन्न हुआ।